# आदिवासी युवक को बेरहमी से पीटा वन रक्षक ने

## आरोपी पर मामला दर्ज, बीट से हटाया, विधायक ने की पीड़ित से मुलाकात, जांच शुरू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बफर जोन स्थित कुंभपानी वन परिक्षेत्र के सिंगारदीप जंगल में वनरक्षक द्वारा आदिवासी युवक की बेरहमी से पिटाई के मामले ने तूल पकड़ लिया है। आरोपित वनरक्षक पर प्रकरण दर्ज हुआ है, वहीं वन विभाग ने आरोपित को बीट से हटा दिया है और विभागीय जांच शुरू कर दी है। वनरक्षक ने आरोपों से इनकार किया है, वहीं वन विभाग ने घटना की जांच के लिए टीम बनाई है। वहीं मामले को लेकर चौरई विधायक सुजीत चौधरी ने पीड़ित युवक से मुलाकात की है।

मामला बीते सोमवार का है जब सागौन की लकड़ी चोरी के संदेह में वनरक्षक ने युवक को इतनी बुरी तरह लाठियों से पीटा कि दो डंडे टूट गए और युवक का शरीर चोटों से नीला पड़ गया।

सिंगारदीप निवासी शिवपाल उईके ने बताया कि 7 जुलाई को वह घरेलू उपयोग के लिए जलाऊ लकड़ी लेने जंगल गया था। लौटते समय वनरक्षक संजय नामदेव ने उसे खेत के पास



रोका और बिना कोई पूछताछ किए बेरहमी से पिटाई शुरू कर दी।

पीड़ित का कहना है कि मारपीट इतनी भयंकर थी कि वनरक्षक की दो लाठियां टूट गईं। शिवपाल की आंख समेत पूरे शरीर पर गहरे जख्म और सूजन के निशान हैं।

युवक ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। घटना के बाद से परिवार सहमा हुआ था। इसके बाद आदिवासी समाज के कुछ लोग घटना का पता चलने पर पीड़ित को लेकर बिछुआ थाने पहुंचे।

समाज के लोगों ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर थाने के सामने प्रदर्शन किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए विधायक सुजीत चौधरी और चौरई एस.डी.ओ.पी. भारती जाट ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित से मुलाकात की। इसके बाद आरोपित वनरक्षक पर विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया। वहीं आदिवासी युवक की पिटाई के मामले में आरोपित वनरक्षक संजय नामदेव ने सफाई पेश करते हुए कहा कि शिवपाल को तीन सागौन लट्ठों के साथ खेत में पकड़ा गया था। जबकि उसके साथी मौके से फरार हो गए।

नामदेव ने बताया कि 7 जुलाई को सागौन चोरी के शक में युवक को रेंज ऑफिस लाया गया जहां उसका मेडिकल कराया गया और विभागीय कार्रवाई कर जुर्माना वसूलने के बाद 8 जुलाई को छोड़ दिया गया। हालांकि पिटाई के आरोपों पर उन्होंने कहा उसे किसने मारा मुझे जानकारी नहीं है।

बिछुआ टी.आई. मोहन सिंह मर्सकोले ने बताया कि गुरुवार शाम को पीड़ित शिवपाल की शिकायत पर वनरक्षक संजय नामदेव पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(3) के साथ-साथ अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा 3(5) और 3(1)(द) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## बसों की हड़ताल से यात्री परेशान, सिर्फ सूत्र सेवा की चल रहीं बसें

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सिंगल बस स्टापेज के आदेश के विरोध में बस आपरेटरों की हड़ताल शुक्रवार को भी जारी रही, जिसके कारण आमजन खासे परेशान हुए। हालांकि राहत की बात ये रही कि सूत्र सेवा की बसों का संचालन शुरू हो गया है लेकिन जिले में बाहर से आने वाली बसें भी बंद रहीं। गुरुवार को बस आपरेटरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी थी, सुबह के समय बाहर से आने वाली बसें तो पहुंचीं, लेकिन शहर से कोई बस रवाना नहीं हुई इससे दैनिक यात्रियों के साथ-साथ त्योहार पर आने-जाने वाले लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। अब शुक्रवार से सभी रूटों पर सूत्र सेवा की बस चलेगी। वहीं प्राइवेट बस आपरेटरों की हड़ताल जारी है।

यात्रियों की परेशानी को देखते हुए शुक्रवार से सूत्र सेवा की बस शुरू की गई है। छिंदवाड़ा में बसों की हड़ताल के बीच सूत्र सेवा की बसें चलेगी, बाकी सभी निजी बसें हड़ताल पर रहेगी। बस एसोसिएशन की मांग सिर्फ शहर के अंदर दो स्टॉपेज की है, जिसे लेकर प्रशासन से तालमेल नहीं बन पा रहा है। विदित हो कि प्रशासन ने शहर के अंदर के सभी स्टापेज समाप्त कर दिए हैं। बस एसोसिएशन ने जल्द ही प्रभारी मंत्री और जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर अपनी मांगें रखी जाएंगी ताकि उनकी मांगो का निराकरण हो सके।

### सार-समाचार

## ऑल इंडिया बज्मे मुसलमा का आयोजन आज

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आज 12 जुलाई 2025 दिन शनिवार को रात्रि 9 बजे से करबला चौक, पुराना बैल बाजार छिंदवाड़ा में ऑल इंडिया बज्मे मुसालमा जिक्रे शहीदाने कर्बला की याद में मुशायरा का आयोजन किया गया है। उक्ताशय की जानकारी कार्यक्रम आयोजक राशिद खान ने देते हुये बताया कि इसमें मेहमान शायर जनाब मनान फराज (बॉम्बे), जनाब मकबूल जफर जबलपुरी (जबलपुर), जनाब आदीब दमोही (दमोह), जनाब इजहार जबलपुरी (जबलपुर), जनाब अकमल फराज (उ.प्र.), जनाब इरफान मोईन उद्दीन (चॉंदामेटा), जनाब जियाउल हक (चॉंदामेटा) प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में धर्मेन्द्र सोनू मागो नगर निगम अध्यक्ष, अधिवक्ता प्रवीण श्रीवास्तव, हाजी जमाल उद्दीन (लाल साहब), आनंद बक्षी, अजय मैद, पप्पू यादव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर जेड अली, पूर्व खाद्य सभापति नगर पालिका छिंदवाड़ा एवं आरिफ कुरैशी राजा ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

## चांद कॉलेज में गुरु पूर्णिमा उत्सव आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय चांद में राष्ट्रीय सेवा योजना, व्यक्तित्व विकास और भारतीय संस्कृति ज्ञान परंपरा विभाग द्वारा आयोजित गुरु पूर्णिमा महोत्सव के मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता आदित्य ठाकुर ने कहा कि तत्त्वत ब्रह्म ही गुरु हैं। वस्तुतः सृष्टि का प्रत्येक अणु ब्रह्म का ही स्वरूप है। ब्रह्म ही अपनी सुविधा के लिए सृष्टि के हर अवयव को सिखाने सीखने का काम दे देते हैं।

चांद कालेज जनभागीदारी अध्यक्ष प्रफुल्ल ताम्रकार ने गुरु के बारे में कहा कि हम सब में अच्छाई, बुराई व कमियाँ हैं, हम कुछ न कुछ एक दूसरे को सिखा सकते हैं। प्राचार्य प्रो. अमर सिंह ने कहा कि गुरु के जरिए इस विश्व में हर प्राण प्रस्फुटित है। सबके अपने अपने दायरे हैं। सिखाते सिखाते भी सब सीख रहे हैं और सीखते सीखते भी सिखा रहे हैं। प्रो. रजनी कवरेती ने कहा कि गुरुकृपा से मन में द्वैत नहीं रहता है और अहं के राक्षस की मृत्यु हो जाती है।

प्रो. सकरलाल बट्टी ने कहा कि गुरु विद्या अविद्या की बयार रूपी विकार का अंत कर देती है व व्यक्ति सिद्धियों के सोपानों या बहारों में विचरण करने लगता है। प्रो. आर.के. पहाड़े ने कहा कि गुरु जीवन में अवलोकन कर सार ग्रहण करना सिखाता है। अर्शील कुरैशी ने गुरु को सांसारिक बंधनों से मुक्ति का जरिया बताया।

विकास कथूरिया ने कहा कि गुरु महिमा का बखान करने में सारे समुद्र के पानी को स्याही बना लें तो भी कम पड़ जाएगी। रक्षा रघुवंशी ने कहा कि गुरु हमें वृत्तियों में व्याप्त गहन अंधकार से परे आलोक में ले जाते हैं। शिवानी ने कहा कि गुरु ब्रह्म ही सगुण रूप लेकर हमें गरिमा, महिमा व माधुर्य के परमानन्द में प्रतिष्ठित करते हैं।

समारोह में रवि शंकर कहार, अमित चौधरी, विशाल चौरसिया, नोबल प्रजापति, प्रो. सुरेखा तेलकर, प्रो. रक्षा उपश्याम, एन. कुमार, शिवानी, नीलेश, आनंद, नरेश और श्वेता का विशेष योगदान रहा।



## गुंडों को कानून का खौफ नहीं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आजकल गुण्डे मवाली खुलेआम सड़को में मोटर सायकल लहराते हुए शाम होते ही हल्ला करते हुए सड़को पर निकलते है। कभी कभी तो लगता है कि किसी का कोई विवाद हो गया है ऐसा चिल्लाकर तीन सवारी बैठाकर अधिकांश युवक निकलते है और कुछ इस तरह कमेंट्स करते है कि जिससे ऐसा लगता है कि झगड़ा हो रहा है और जब तक दुकान आफिस से लोग निकलकर देखते है तब पता चलता है कि कोई झगड़ा फसाद नहीं अपितु आवारा युवक इस तरह के शराब के नशे में होकर मोटर सायकल से चिल्लाते हुए निकलते है जिससे दुर्घटना होने की संभावना भी बनी रहती है।

## जैन समाज ने मनाई वीर शासन जयंती नगर के जैन मंदिरों में हुए अनुष्ठान



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्रावण सुदि एकम का शुभ दिन सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन ने वर्तमान शासन तीर्थंकर महावीर भगवान के प्रथम धर्म उपदेश का पावन दिवस श्री वीर शासन जयंती महोत्सव के रूप में मनाकर विविध अनुष्ठानों में हिस्सा लिया।

फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ प्रातः काल की मंगल बेला पर अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री जिनबिंब प्रक्षालन से हुआ पश्चात बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने श्री जिनेन्द्र पूजन, श्री वीर शासन जयंती पूजन कर अष्टान्हिका महापर्व पर आठ दिनों से चल रहे श्री नंदीश्वर दीप बाबन पूजन विधान की पूर्णता कर महाअर्ध समर्पित कर शांति पाठ के साथ विश्व शांति की मंगल कामना की।

मंगलमय प्रसंग पर करेली से पधारे जैन दर्शन के ख्याति प्राप्त युवा विद्वान पंडित अनुभव शास्त्री के श्रीमुख से मां जिनवाणी का रसास्वादन करने का सौभाग्य मिला।

उन्होंने कहा कि श्री वीर प्रभु का धर्म उपदेश विश्व के समस्त प्राणियों के लिए है विशेष रूप से मेरे हित के लिए जिसका लाभ लेकर मुझे संसार की असारता और मोक्ष मार्ग में सुख का मार्ग खोजना चाहिए, यह मार्ग मिलता है उनके बताए हुए मार्ग पर चलने से जो दिखता है मां जिनवाणी के स्वाध्याय करने से अतः आज के पावन दिवस पर हम सबको जिनवाणी का स्वाध्याय करने का संकल्प लेना चाहिए यही सच्ची वीर शासन जयंती होगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्वश्री अशोक वैभव, ऋषभ शास्त्री, दीपक राज जैन, वर्धमान जैन, सचिन जैन, विवेक जैन, विशाल शास्त्री, अतिशय जैन सहित सभी जिनशासन सेवकों का विशेष योगदान प्राप्त हुआ।

## गुरू शिष्य परम्परा पर एनसीसी व एनएसएस की कार्यशाला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाडा में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार गुरु शिष्य परंपरा विषय पर एन.एस.एस. एवं एन.सी.सी. के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं के लिए प्रेरणादाई कार्यशाला का आयोजन किया गया। मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य एवं कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. श्रीमती स्मृति हाबिल द्वारा अतिथि के स्वागत हेतु स्वागत भाषण देते हुए प्राचीन समय में गुरु शिष्य परंपरा की सप्रसंग व्याख्या करते हुए युवाओं को प्रेरक उद्बोधन देकर लाभान्वित किया। कार्यक्रम में एन.एस.एस. के जिला संगठक प्रो. रविंद्र नाफड़े, एन.सी.सी. अधिकारी लेफ्टिनेंट माइक प्रकाश एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्त राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक विनोद तिवारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एन.एस.एस. के जिला संगठक प्रो. रविंद्र नाफड़े ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्त विनोद तिवारी का सम्मान संस्था प्राचार्य श्रीमती स्मृति हाबिल, एनएसएस के जिला संगठक प्रो. रविंद्र नाफड़े, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट माइक प्रकाश द्वारा तिलक श्रीफल एवं पगड़ी पहनकर किया गया।

उद्बोधन की कड़ी में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विनोद तिवारी द्वारा गुरु शिष्य परंपरा, सनातन संस्कृति, भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्ता को रेखांकित करते हुए उपस्थित जनों को प्रेरित किया कि अपने जीवन में गुरु के महत्व को समझे और नैतिक मूल्यों को अपनायें। उद्बोधन की अगली कड़ी में प्रो. रविंद्र नाफड़े द्वारा वासुदेव कुटुंबकम की अवधारणा को बताते हुए माता-पिता को प्रथम गुरु बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. स्वाति जैन, डॉ. रानी साहू, श्रीमती बीना सेन, प्रो. महेश घायवट, प्रो. गणेश सोनी, महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं एन.एस.एस., एन.सी.सी. के कैडेट्स का विशेष योगदान रहा। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




## दुष्कर्म कर हत्या करने वाले को आजीवन कारावास की सजा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म कर कुआं में धकेलकर हत्या करने वाले दोषी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

अपर सत्र न्यायालय जुन्नारदेव के द्वारा सत्र प्रकरण में दोषी विकास आरसे पिता बिंदु आरसे 24 वर्ष निवासी ग्राम भूताह छावड़ी चौकी डुंगरिया थाना जुन्नारदवे को धारा 103(1) में आजीवन सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माना, बीएनएस की धारा 69 में दस वर्ष सश्रम कारावास और 5000 रुपये और धारा 238 में सात वर्ष सश्रम कारावास और 5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक गंगावती डेहरिया ने पैरवी की।



वारदात बीते 26 अगस्त 2024 की है। उ.नि. संजय सोनवानी को भूताह छाबड़ी में हनुमान मंदिर के पास कुएं में महिला के शव होने की सूचना मिली, जिसके बाद मौके पर पहुंचने पर ग्राम सरपंच जीतू सिंह उइके ने रिपोर्ट लिखाई कि मृतिका और आरोपित आपस में बातचीत करते थे दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। आरोपित ने शादी का वचन देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए जिससे वह गर्भवती हो गई।

इस बीच आरोपित के अन्य लड़की से प्रेम संबंध बन गए। जब आरोपित को युवती के गर्भवती होने की जानकारी मिली तो आरोपित ने दमुआ रोड पर उसके गांव की तरफ ले गया और जहां हनुमान मंदिर के पास दोनों बैठे और वहीं दोनों के बीच शादी को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद आरोपित ने कुएं के पास ले जाकर दुपट्टा गले में पकड़ कर खींचते हुए कुएं में धकेल दिया जिससे युवती की मौत हो गई थी।

## मोआदेई में विधिक जागरूकता कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से संचालित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो इस हेतु सुशांत हुद्दार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम छिंदवाडा विकास खंड के ग्राम मोआदेई में किया गया।

इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह ने उपस्थित महिलाओं को घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 क्या है, हिंसा किसे कहते है, पारीवारिक विवाद के मामलो में मध्यस्थता करना, निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना, भरण पोषण की जानकारी दी।

महिलाओं के लिए बने कानून उनके अधिकार एके साथ महिलाओं के साथ किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा शोषण करने पर बी.एन.एस. की धारा 74, 75, 76, 77 तहत कार्यवाही की जाती हैं वहीं शिकायत हेतु महिला हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर 1090 पर करने की जानकारी दी गई। अधिक जानकारी के लिए नालसा टोल फ्री नम्बर 15100 पर भी जानकारी ली जा सकती है । साथ ही वृद्धजनों के अधिकार, भरण पोषण के साथ सुरक्षित देखभाल पर विस्तार से बताया गया।

इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य श्यामल राव ने जरूरतमंद लोगों को विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं में पारिवारिक विवाद के मामलो का न्यायालय मे चल रहे मामलो का मध्यस्थता के माध्यम से सुलभ तरीके हल निकाला जाता है, मध्यस्थता विषयों पर प्रकाश डालते हुए बताया की मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरल प्रक्रिया एवं निष्पक्ष प्रक्रिया है जिसमें दोनो पक्ष अपने विवाद को अधिकारी के समक्ष रखते है ओर उन्हें सुनकर एक स्वच्छ वातावरण मे उन विवादों का निपटारा करते है वहीं विवादो से होने वाले नुकसान से अवगत कराया जाता है। उपस्थित जनो को विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के पाम्पलेट का वितरण करते हुए उपस्थित जनो से संवाद किया गया।

आयोजन को सफल बनाने में ग्राम पंचायत की सरपंच निधि सूर्यवंशी, सचिव प्रकाश उसरेठे, सहायक सचिव कमल सूर्यवंशी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता सूर्यवंशी का सराहनीय सहयोग रहा।



## जिले में 416.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 416.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 267 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 11 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 0.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 11 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील तामिया में 02 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवड़ा में 327.4, मोहखेड़ 388.9, तामिया में 438, अमरवाड़ा में 479.2, चौरई में 330.8, हर्रई में 650.1, बिछुआ में 341.6, परासिया में 299.5, जुन्नारदेव में 428.6, चांद में 403.7 और उमरेठ में 505.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। कल 11 जलाई को दिन भर मौसम खुला रहा और धूप भी तपी किन्तु शाम को पुनः मौसम ने करवट ली है।

### सुंदरकांड पाठ आज

**गाडरवारा, देशबन्धु।** राजीव वार्ड स्थित एम पी ई बी कॉलोनी हनुमान मंदिर में पेंशनर समाज द्वारा आज शनिवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन शाम 4 से आशा शर्मा के सहयोग से किया जाएगा। समस्त पेंशनर भाई बहनों से आयोजन में सहभागी बनने की अपील की गई है।

# महापौर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के 493 स्वीकृति पत्र वितरित किए



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत प्रदेश स्तर पर इंदौर में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में 60 हजार से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें नवीन आवासों के लिए 1,513,53 करोड़ रुपए अनुदान दिया गया।

इस अवसर पर शुक्रवार 11 जुलाई को नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा स्तर पर भी कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय प्रांगण में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में नगर निगम के प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 493 हितग्राहियों को नवीन आवासों हेतु स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। इन 493 हितग्राहियों को पक्के आवास बनाने हेतु शासन द्वारा नगर निगम के माध्यम से 12.32 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्चुअली संबोधित भी किया गया। महापौर विक्रम अहके ने अपने संबोधन में हितग्राहियों से अपील की है कि इस राशि का उपयोग भवन निर्माण बनाने में ही करें, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वप्न साकार हो सके।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में निगम के महापौर विक्रम अहके, निगमायुक्त चंद्रप्रकाश राय, वरिष्ठ नेता विजय पांडे, राहुल बंटी उईके, अभिलाष गोहर, दिवाकर सदारंग, शिव मालवी, राकेश माइकल पहाड़े, संजीव रंगू यादव, जगेंद्र अल्डक, पंडित राम शर्मा, जगदीश गोदरे, राजकुमार बघेल, मनोज सक्सेना, मनोज कुशवाह, राजकुमार बघेल, चंद्रभान देवरे, भरत घई, भूरा भांवरकर, बंटी सक्सेना, विजय नामदेव, सुरेश उईके कृपाशंकर सूर्यवंशी, तरुण सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं निकाय के अधिकारी, कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।

# छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा में सड़क निर्माण कार्य के लिए 63.92 करोड़ स्वीकृत

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा वर्षों से जरजर पड़ी हुई सड़कों का अब निर्माण हो सकेगा। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से दोनों जिलों में विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए 63 करोड़ 92 लाख की स्थायी वित्तिय समिति की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। अब जल्द ही दोनों जिलों में वर्षों से स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों की मांग पूरी होकर सड़कों का निर्माण हो सकेगा।

सांसद श्री साहू ने उक्त सड़कों के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण व जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह से लगातार इन सड़कों के निर्माण के लिए मुलाकात करते हुए ग्रामीण क्षेंत्रों में सड़को की दयनीय स्थिति का हवाला देते हुए उक्त सड़कों के निर्माण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की थी। जिसके तहत लोक निर्माण विभाग ने इन सड़कों की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी हैं।

उल्लेखनीय है कि छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के निरंतर भ्रमण और जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू के समक्ष इन सड़कों के निर्माण कार्यों के लिए मांग रखी गई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने भी इसे लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण व जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह को पत्र प्रेषित कर उनसे व्यक्तिगत मुलाकात करते हुए सड़कों के निर्माण कार्यों के लिए निवेदन किया था।

छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिलें में सड़कों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति दिये जाने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, मंडल अध्यक्षों और क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लोक निर्माण व जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

बता दें कि सड़को के निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा सांसद से लगातार मांग की जा रही थी जिसके कारण सांसद उच्च स्तरीय प्रयास कर अंतत: सफलता प्राप्त कर ली है।

## सार-समाचार

### विद्यार्पण स्कूल परिसर में पौधरोपण



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 11 जुलाई 25 को वार्ड नम्बर 47 विद्यार्पण स्कूल के सामने गार्डन में 50 पौधों का पौधारोपण कार्य किया गया, जिसमें सहायक यंत्री विवेक चौहान, उद्यान प्रभारी शिवप्रसाद पंद्राम, सिटी मिशन मैनेजर उमेश प्यासी एवं श्रीमति सेवंती पटेल तथा उद्यान पर्यवेक्षक डी.सी. डेहरिया, शरीफ चंद यादव और अन्य कर्मचारी, विद्यार्पण स्कूल के शिक्षक एवं उपस्थित विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु :** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर संत शिरोमणि रविदास मंदिर खिरकामोहल्ला में हमारे कुल गुरु संत शिरोमणि विदास जी महराज का गुरु पर्व मनाया गया इसमें रविदास समाज के सामाजिक बंधुओं ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ उपस्थित होकर गुरू का पूजन अर्चन किया।

### विद्युत करंट से हुई चार मजदूरों की मौत पर श्री पैलेस भवन मालिक के विरुद्ध मामला दर्ज

**गाडरवारा, देशबन्धु।** पिछले दिनों विद्युत करंट से हुई चार मजदूरों की मौत पर अंतत: पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106 एक तथा 125 ए तहत मामला का यह कर लिया है। उल्लेखनीय है कि स्थानीय श्री पैलेस शादी भवन में दिनांक 13 जून को स्वागत गेट लगाते वक्त विद्युत करंट से 3 मजदूरों की घटना स्थल पर तथा एक मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस दर्दनाक हादसे में राजू उर्फ राजकुमार साहू पिता सुदामा साहू उम्र 45 वर्ष निवासी गाडरवारा, पूरनलाल जाटव पिता डालचंद जाटव उम्र 30 साल निवासी गाडरवारा, पीयूष पिता गोलू मेघवाल उम्र 21 वर्ष निवासी इंदौर हाल निवास श्री पैलेस गाडरवारा की करंट से मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। संतोष पाल पिता नारायण पाल उम्र 28 साल निवासी पिपरिया गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें जिला चिकित्सालय ले जाया गया।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की जिला स्तरीय शिक्षक स्वाभिमान रैली कल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रांताध्यक्ष भाई भरत पटेल के कुशल नेतृत्व में 13 जुलाई को शिक्षक स्वाभिमान रैली निकाली जाएगी।

मध्यप्रदेश के हर जिले में ई-अटेन्डेन्स बंद करवाने, प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करके पुरानी पेंशन योजना एवं ग्रेच्युटी का लाभ देने, पदोन्नति और लंबित क्रमोन्नति के आदेश शीघ्र जारी जारी एरियर्स राशि का भुगतान करने, जनजाति कार्य विभाग के कार्यरत अध्यापक शिक्षक संवर्ग और स्कूलों को स्कूल शिक्षा विभाग में मर्ज करने, अनुकम्पा नियुक्ति के नियमों को शिथिल कर शत-प्रतिशत दिवंगत अध्यापक शिक्षक संवर्ग के आश्रित परिवार के सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ देने, अध्यापक शिक्षक संवर्ग की रूकी हुई हड़ताल अवधि की वेतन का भुगतान करवाने, गुरूजीओं की नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देने, अतिथि शिक्षकों के संबंधित जो भी स्थानीय मांगे एवं समस्या एवं अन्य मांगों आदि के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को एक साथ हर जिले में 13 जुलाई 25 को शिक्षक स्वाभिमान रैली निकाल कर ज्ञापन दिया जाना है।

13 जुलाई 2025 दिन रविवार को जिला स्तरीय शिक्षक स्वाभिमान रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम में आप सभी शिक्षक साथी सादर आमंत्रित हैं। इसी क्रम में 13 जुलाई 2025 दिन रविवार को छिन्दवाड़ा जिला मुख्यालय में कलेक्ट्रेट में 12 बजे एकत्र होकर ज्ञापन सौपेगा। संघ सभी संघ संगठनों से एकता के साथ उपस्तिथ होने की अपील की है संघ ने शिक्षकों के सम्मान में। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मैदान में है।

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ छिन्दवाड़ा के अनिल शर्मा, प्रांतीय उपाध्यक्ष राजेश जैन, जिला अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी व छिन्दवाड़ा ने अपील की है अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाऐ।

# प्रदेश के महापौर की वार्षिक बैठक कल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम उपायुक्त छिंदवाड़ा ने बताया कि ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ मेयर्स के मध्यप्रदेश ईकाई के तत्वाधान में नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा द्वारा प्रदेश के सभी महापौर की वार्षिक बैठक 12 जुलाई एवं 13 जुलाई 2025 को आयोजित की गई है। जिसमें प्रदेश के सभी महापौरगण कार्यक्रम में उपस्थित रहेगें।

उन्होंने बताया कि 12 जुलाई 2025 को स्थान एकार्ड होटल परासिया रोड छिन्दवाड़ा, रामेश्वरम धाम सिहोरामाल चौरई रोड में स्थित शिव मंदिर एवं सीवर ट्रिटमेंट प्लांट नागपुर रोड सर्रा का भ्रमण किया जायेगा।

13 जुलाई 2025 में तामिया, पातालकोट एवं चिमटीपुर का भ्रमण किया जायेगा की जानकारी जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी जाएगी ताकि सभी मीडिया के बंधु समय स्थान पर पहुंच सके।

# बैडमिंटन संघ के चलते पालकों व खिलाड़ियों का सीधा संवाद



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा ओलंपिक स्टेडियम हाल में उत्कृष्ट प्रशिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेलों से जुड़े हुए जिले के उत्कर्ष कोच व प्रशिक्षकों का जिला बैडमिंटन संघ द्वारा सम्मानित किया गया।

गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर इस तरह का कार्यक्रम अनोखा रहा इसमें खिलाड़ियों के साथ-साथ पालकों की उपस्थिति विशेष रूप से रही। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नवागत जिला खेल अधिकारी के.के. चौरसिया का स्वागत व सम्मान किया गया। डी.एस.ओ. श्री चौरसिया ने अपने खेल विभाग से खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधा और योजनाओं के बारे में प्रशिक्षक, खिलाड़ियों, पालकगणो को संबोधित किया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि परमजीत सिंह बिज, अभिषेक पाटनी, के.के. चौरसिया, टी.आर. यादव, राजेंद्र सिंह ठाकुर, दीपक राज जैन, रिजवान कुरैशी, जावेद खान, अंकुश राजपूत को भी खेलों को प्रमोट करने हेतु शाल, मोमेंटो मैडल से नवाजा गया।

इस भव्य व गरिमामय आयोजन में खेल अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं देने वाले स्पोर्ट्स ऑफिसर अजय सिंह ठाकुर, खेल प्रशिक्षक राकेश चौरसिया, क्रिकेट कोच शमीम दाद, फुटबॉल कोच मुश्ताक खान, एथलीट और आरचरी कोच सर्वोत्तम ठाकुर, हाकी कोच श्रीमती चंद्र किरण पाल, कबड्डी कोच प्रीति मार्को, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कु. विनीता नेटी, अम्पायर अशफाक खान, सहायक कोच महिमा यादव सहित बेडमिंटन खेल को प्रमोट करने वाले महानुभावों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन आयोजक जावेद खान ने किया आभार प्रदर्शन विनय सिंह चंदेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में पालकगण एवं खिलाड़ी उपस्थित थे सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए गुरु पूर्णिमा के इस पवन पर्व पर शुभकामनाएं प्रेषित की।

# परिवहन विभाग के जांच दल ने चौरई क्षेत्र सिवनी रोड में स्कूल एवं अन्य वाहनों की जांच की

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** परिवहन आयुक्त ग्वालियर एवं कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज चौरई क्षेत्र (सिवनी रोड) में छोटे-बड़े स्कूल वाहनों को रोककर उनके परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र एवं वाहन चालक का वैध लाइसेंस आदि की जांच की गई। जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिंदवाड़ा अनुराग शुक्ला ने बताया कि चौरई क्षेत्र (सिवनी रोड) में सभी छोटे-बड़े स्कूल वाहनों की जांच के दौरान वाहनों में दस्तावेज संबंधी कमियां पाये जाने पर स्कूल वाहन व अन्य 19 वाहनों से



29,600/- रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। साथ ही स्कूल वाहन संचालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

# निगम अध्यक्ष को जन्मदिन पर दीं शुभकामनाएं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने वाले समय के साथ संगठन और सत्ता में रहकर जनहित के कार्य करने वाले समर्पणभावी कांग्रेस के नेता एवं नगर पालिक निगम के अध्यक्ष धर्मेन्द्र उर्फ सोनू मांगो का जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया, केक काटा गया, इस दौरान कांग्रेस के सभी विंगों, शुभ चिंतको, मीडिया बंधुओं के अलावा स्वजातिय बंधु हजारो की संख्या में पहुंचकर उन्हें दीर्घायु होने की शुभकामनाऐं दी



# कन्या शिक्षा परिसर में गुरु पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर छिन्दवाड़ा में गत दिवस गुरू पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सत्येन्द्र मरकाम एवं प्राचार्य बसंत कुमार सनोडिया के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिक निगम छिन्दवाड़ा के महापौर विक्रम अहके द्वारा की गई। मुख्य अतिथि प्रभारी ए.डी.एम. श्रीमती अंकिता त्रिपाठी तथा विशेष अतिथि के रूप में पी.एम.श्री महाविद्यालय छिन्दवाड़ा के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष भारत घई एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर छिन्दवाड़ा श्रीमती अल्पना बी. कुमार उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन, सरस्वती पूजन एवं गुरूवंदना से किया गया। इसके बाद अतिथियों द्वारा छात्राओं को पुस्तक वितरण एवं



गणवेश वितरण किया गया।

शाला की छात्रा कु. निर्जला बिसन्दरे ने गुरू की महत्ता गीत के माध्यम से प्रस्तुत की। शाला के प्रबुद्ध शिक्षक दिनेश कुमार चौरसिया के द्वारा गुरु पूर्णिमा का महत्व बताया गया।

अध्यक्ष एवं अतिथियों द्वारा शाला के समस्त शैक्षणिक स्टॉफ का सम्मान किया गया। गणमान्य अतिथियों ने छात्राओं को गुरूओं के प्रति सम्मान के लिये प्रेरित किया तथा भविष्य के लिये मार्गदर्शन दिया।

इसके बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित गुरूपूर्णिमा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समस्त छात्राओं एवं विद्यालयीन स्टॉफ द्वारा देखा व सुना गया। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य बसंत कुमार सनोडिया ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।